लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........दैनिक जागरण........

दिनांक 29.2.2020...... पृष्ठ सं. 17...... कॉलम 3-5......

# आम आदमी के विकास के लिए ही विज्ञान का होना चाहिए प्रयोग : डा. ढींढसा

जागरण संवाददाता, हिसारः चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किए गए कार्यक्रम में देश के विकास के लिए युवा पीढ़ी के बीच विज्ञान और प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाए जाने का आह्वान किया गया। विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान और मानविकी महाविद्यालय एवं साइंस फोरम द्वारा आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के साथ स्थानीय कालेजों और स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त वैज्ञानिक व पूर्व अधिष्ठाता, मौलिक विज्ञान और मानविकी महाविद्यालय व जेसीडी विद्यापीठ के डीजी एवं यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन व मानव संसाधन विकास मंत्रालय के सदस्य रहे डा. केएस ढींढसा मुख्य अतिथि रहे तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव, डा. बीआर कंबोज उपस्थित रहे। डा. ढींढसा का मुख्य विषय महिलाओं का विज्ञान में योगदान व भूमिका रहा व उन्होंने विज्ञान में नोबल पुरस्कार प्राप्त करने वाली और विज्ञान में ख्याति प्राप्त करने वाली महिलाओं के उदाहरण दिए, जिनमें मैडम क्यूरी, ईरैन ज्यूलिट, मारिया जोपर्ट मेयर, जी. एलियन, एफ आरनोलड इत्यादि मुख्यतः हैं। विज्ञान को आम आदमी के विकास के लिए इस्तेमाल होना चाहिए, यह संदेश भिन्न भिन्न स्कूलों, महाविद्यालयों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों से आये विद्यार्थियों व शोध कर्त्ताओं के लिए प्रेरणादायी साबित होगा। उन्होंने कहा भारतीय वैज्ञानिकों में बहुत क्षमता है और वह निरंतर नया ज्ञान सृजन कर रहे हैं।




राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डा. ढींढसा। • विज्ञप्ति

**राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित किया गया कार्यक्रम**

लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम......दैनिक भास्कर......

दिनांक...29. 2. 2020... पृष्ठ सं....5.... कॉलम....5....

# विज्ञान का मनुष्य के विकास के लिए इस्तेमाल जरूरीः डॉ. ढींढसा



**हिसार** | एचएयू में शुक्रवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में देश के विकास के लिए युवा पीढ़ी के बीच विज्ञान और प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाने का आह्वान किया। जेसीडी विद्यापीठ के डीजी एवं यूजीसी व एमएचआरडी के सदस्य रहे डॉ. केएस ढींढसा मुख्य अतिथि रहे। इस अवसर पर उन्होंने विज्ञान में नोबल प्राइज प्राप्त करने वाली और विज्ञान में ख्याति प्राप्त करने वाली महिलाओं के उदाहरण दिये जिनमें मैडम क्यूरी, ईरैन ज्यूलिट, मारिया जोपर्ट मेयर, जी. एलियन, एफ आरनोलड शामिल है। कहा कि विज्ञान को आम आदमी के विकास के लिए इस्तेमाल होना चाहिए। कुलसचिव, डॉ. बीआर कम्बोज ने कहा कि विज्ञान के विकास के लिए वैश्विक वैज्ञानिक विचारधारा का निर्माण करना, कर-कर के सीखने की विधि, शान्ति व समन्वयता से काम करने की आदत डालना और विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रचनात्मकता पैदा करने की जरूरत पर बल दिया।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम अमर उजाला, पंजाब केसरी
दिनांक 29.2.2020 पृष्ठ सं. 6, 4 कॉलम 7-8, 6

## 'आम आदमी के विकास के लिए हो विज्ञान का इस्तेमाल'

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) में शुक्रवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किए गए कार्यक्रम में देश के विकास के लिए युवा पीढ़ी के बीच विज्ञान और प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाए जाने का आह्वान किया। विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान और मानविकी महाविद्यालय एवं साइंस फार्म की तरफ से आयोजित किए गए कार्यक्रम में विवि के कालेजों और स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त वैज्ञानिक डॉ. केएस ढींढसा मुख्य अतिथि थे और विशिष्ट अतिथि के तौर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव, डॉ. बीआर कम्बोज उपस्थित रहे। डॉ. ढींढसा ने कहा कि विज्ञान का आम आदमी के विकास के लिए इस्तेमाल होना चाहिए। भारतीय वैज्ञानिकों में बहुत क्षमता है और वह निरंतर नया ज्ञान सृजन कर रहे हैं। इस दौरान ड्राइंग एवं पेंटिंग, वाद-विवाद, व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया और विजेता प्रतिभागियों को को पुरस्कृत किया।

## हकृवि में भी मनाया विज्ञान दिवस

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम किया गया। विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान और मानविकी महाविद्यालय एवं साइंस फार्म द्वारा आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में कालेजों और स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त वैज्ञानिक व पूर्व अधिष्ठाता डा. के.एस. ढींढसा मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों के लिए ड्राइंग,एवं पेन्टिग, वाद–विवाद, व क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। विजेता रहें प्रतियोगिताओं को पुरस्कृत किया।

लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........सिटी पल्स........

दिनांक....28.2.2020.... पृष्ठ सं.....2..... कॉलम....1-2....

# विज्ञान का आम आदमी के विकास के लिए इस्तेमाल होना चाहिए : डॉ. ढिन्ढसा



*हिसार। मुख्य अतिथि डॉ. ढिन्ढसा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर संबोधित करते हुए।*

**सिटी पल्स न्यूज़, हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आज राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किए गए कार्यक्रम में देश के विकास के लिए युवा पीढ़ी के बीच विज्ञान और प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाए जाने का आह्वान किया।

विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान और मानविकी महाविद्यालय एवं साईंस फार्म द्वारा आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के साथ स्थानीय कालेजों और स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त वैज्ञानिक व पूर्व अधिष्ठाता, मौलिक विज्ञान और मानविकी महाविद्यालय डॉ. केएस ढिन्ढसा मुख्य अतिथि थे तथा विशिष्ठ अतिथि के तौर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव, डॉ. बीआर क बोज उपस्थित थें।

डॉ. ढिन्ढसा का मुख्य विषय महिलाओं का विज्ञान में योगदान व भूमिका रहा और उन्होंने विज्ञान में नोबल प्राईज प्राप्त करने वाली और विज्ञान में ख्याति प्राप्त करने वाली महिलाओं के उदाहरण दिये। उन्होंने कहा कि विज्ञान को आम आदमी के विकास के लिए इस्तेमाल होना चाहिए, यह संदेश भिन्न भिन्न स्कूलों, महाविद्यालयों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों से आये विद्यार्थियों व शोध कर्ताओं के लिए प्रेरणादायी साबित होगा। उन्होंने कहा भारतीय वैज्ञानिकों में बहुत क्षमता है और वह निरंतर नया ज्ञान सृजन कर रहे हैं। उन्होंने भारतीय वैज्ञानिकों और उनके महत्वपूर्ण आविष्कारों का उल्लेख किया और कहा कि किसी भी देश की मुख्य ताकत उसकी अर्थव्यवस्था और ज्ञान है जिनको सुदृढ़ बनाने में वैज्ञानिक महत्त्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। डॉ. बीआर क बोज ने कहा कि यहां के वैज्ञानिक और विद्यार्थी नवपरिवर्तनकारी तकनीकों को विकसित करने और राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न संस्थानों के साथ सहयोग को बढ़ा रहे हैं। बेसिक साइंस कालेज के डीन डॉ. राजवीर सिंह ने बताया कि सामान्यतया जब भी किसी अवसर पर किसी से किन्ही दो वैज्ञानिकों का नाम पूछने की बात सामने आ जाती है तो हमेशा पुरूष वैज्ञानिकों के नाम ही संज्ञान में आते है जबकि महिला वैज्ञानिकों की सं या और उनके योगदान को किसी भी स्तर पर कम नही आंका जा सकता। कार्यक्रम के अंत में एचएयू साइंस फॉरम के सचिव डॉ. पाल सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों के लिए ड्राईंग एवं पेन्टिंग, वाद-विवाद, व क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। विजेता रहे प्रतियोगिताओं को पुरस्कृत किया।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम....दैनिक जागरण....
दिनांक..29.2.2020.... पृष्ठ सं....16.... कॉलम....3-4....

# विद्यार्थियों को दी व्यक्तित्व विकास की गहन जानकारी

जागरण संवाददाता, हिसार : हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित मंडल रोजगार कार्यालय तथा एनसीएससी द्वारा एक सप्ताह का पर्सनालिटी डेवलपमेंट प्रोग्राम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के तहत बच्चों को साक्षात्कार से संबंधित बातें, कम्यूनिकेशन स्किल, तनाव कम करने व बायो-डाटा आदि बनाने के बारे में विस्तार से प्रशिक्षित किया गया। एक सप्ताह के कार्यक्रम के समापन अवसर पर नगर निगम आयुक्त डा. जेके अभीर ने बच्चों को अपने व्यक्तिगत अनुभव बताते हुए मेहनत, ईमानदारी, लगन व जुनून के साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के संबंध में प्रेरित किया। उन्होंने जीवन में सफलता के सूत्र भी विद्यार्थियों को बताए। मंडल रोजगार अधिकारी डॉ. ललिता महतानी ने रोजगार कार्यालय की योजनाओं, सक्षम, स्वरोजगार व रोजगार कार्यालय द्वारा समय-समय पर आयोजित किए जाने वाले रोजगार मेलों के बारे में बताया। विद्यार्थियों को प्रशिक्षक अमृता द्वारा प्रशिक्षित किया गया तथा देवेंद्र सिंह यादव ने बच्चों को आत्म विश्वास व व्यक्तित्व बढ़ाने की तकनीकों के बारे बताया। योगेश्वर यादव ने अनुसूचित जाति-जनजाति से संबंधित योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया तथा यूपीएससी व एचपीएससी की परीक्षाओं की तैयारी के बारे में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में विक्रम, रीना, रजत गुप्ता व संदीप आदि ने भी सहयोग किया।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम......दैनिक जागरण......
दिनांक....29.2.2020.... पृष्ठ सं.....19..... कॉलम.....6-8.....

# किसानों की छोटी जरूरतों का रखा ध्यान

**जागरण संवाददाता, हिसार:** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय से एग्रोनोमी विभाग के अध्यक्ष पद से सेवानिवृत्त डा. समंदर सिंह व एग्रीकल्चर इकोनॉमिक्स विभाग के विभागाध्यक्ष डा. डीपी मलिक बताते हैं कि इस बार सरकार ने पिछले वर्षों से काफी अच्छे प्राविधान बजट में किए हैं। प्री-बजट बैठक में उठे मुद्दे इसमें दिखाई दे रहे हैं। सरकार ने पुरानी कृषि योजनाओं में से किसी को भी बंद नहीं किया है बल्कि बढ़ावा दिया है। इसके साथ ही खेतीबाड़ी को उद्योग से जोड़कर किसानों की आय बढ़ाने पर काम दिख रहा है। प्राड्यूसर किसानों की समस्या रहती थी कि वह यूनिट लगाते थे, मगर बिजली मंहगी थी। सरकार ने उसे भी कम कर दिया है।

## बजट में इन प्रयासों को कृषि विशेषज्ञों ने सराहा

- बजट में पशुपालन, मत्स्य के क्षेत्र को बड़ा करने का प्रयास किया गया है। यह डेयरी और मांस उत्पादन क्षेत्र में राजस्व बढ़ाएगा।
- खेतों में अत्यधिक रसायनों के प्रयोग से लोगों और भूमि की उर्वरक क्षमता प्रभावित हो रही है। इसके लिए जैविक व प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया ही जाना चाहिए था।
- सरकार कहती थी कि जीरी की जगह किसान मक्का बोएं, मगर मक्का में नमी आने कारण 20 से 25 फीसद समर्थन मूल्य कम मिलता। ऐस में क्रॉप ड्रायर लाने से किसानों को उचित मूल्य मिल सकेगा।
- सोनीपत सहित अन्य जिलों में मसालों, फूलों आदि की मंडियों के खुलने से किसानों को रोजगार मिलेगा और एक जगह निश्चित होगी।
- प्रदेश में मसाले की खेती करनाल, कुरुक्षेत्र व अन्य जिलों में बढ़ी है मगर सबसे जरूरी प्रोसेसिंग यूनिट है। खेती को उद्योग से जोड़ा गया है।
- ऋण और किसानों के रजिस्ट्रेशन से सरकार के पास कृषि क्षेत्र से जुड़ा डाटा पहुंचेगा। इससे भविष्य में आंकलन करने में मदद मिलेगी।
- ब्लॉक स्तर पर पराली का प्रबंधन भी अच्छा है।
- भवांतर भरपाई योजना अच्छी चल रही है। इसमें और फसलों को जोड़कर दायरा बढ़ाया गया है।
- किसानों को छोटे औजार सब्सिडी पर मिलेंगे, जिसमें किसान औजार भी ले सकेगा।

हरियाणा सरकार की तरफ से पेश किए गए बजट से उद्योगों को कोई फायदा नहीं होने वाला। उनको उम्मीद थी कि सरकार हिसार में से एक स्पेशल इक्नोमिक जोन (एसईजेड) की घोषणा करेगी। एयरपोर्ट भी शुरू हो चुका है, मगर सरकार ने कोई घोषणा नहीं की है। उद्योगपतियों को कुछ लाभ नहीं होने वाला। काफी निराशा इससे हुई है। **अजय बत्रा**, महासचिव, हिसार उद्योग संघ।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........दैनिक जागरण........
दिनांक 29.2.2020 पृष्ठ सं. 19 कॉलम 6:7

# मौसम में बदलाव, सूर्य के नहीं हुए दर्शन, तेज हवाएं चलीं

जागरण संवाददाता, हिसारः कृषि मौसम विज्ञान विभाग की चेतावनी के अनुसार शुक्रवार को मौसम में परिवर्तन देखा गया। सुबह से ही तेज हवाओं ने तापमान को कम रखा। इसके साथ ही दिनभर लोग सूर्य के उदय होने की राह तकते रहे मगर सूर्य ने दर्शन ही नहीं दिए। शनिवार को भी इसी प्रकार का मौसम रहने की संभावना है।

शुक्रवार को हिसार में दिन में 25.8 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 15.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिन का तापमान सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस कम है तो न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस अधिक है। गौरतलब है कि हिसार में पिछले दिनों बारिश के कारण जहां दिन के तापमान में गिरावट दर्ज की गई थी तो अब दिन और रात्रि के समय तापमान एक बार फिर से बढ़ गया है। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि मौसम विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डा. मदन खिचड़ ने बताया कि प्रदेश में 29 फरवरी को भी इसी प्रकार का मौसम रहेगा। बारिश भी हो सकती है। पश्चिमीविक्षोभ के आंशिक प्रभाव के कारण मौसम में बदलाव होता दिख रहा है। आगामी 3 मार्च के बाद भी कहीं हवाओं गरजचमक के साथ कहीं-कहीं हल्की बारिश संभावित है।

## तापमान

- अधिकतम तापमान 25.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया
- न्यूनतम तापमान 15.4 डिग्री सेल्सियस रहा